>

Title: Need to start the vaccination programme against Japanese Encephalitis in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): देश के विभिन्न हिस्सों में बरसात शुरू होते ही जापानी इंसेफेलाइटिस एवं एक्यूट इंसेफेलाइटिस (एईएस) ये लगातार मौतों का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद अभी तक इस जानलेवा बीमारी के उपचार के लिए किसी भी प्रकार की दवा ईजाद नहीं हुई है। केवल उत्तर प्रदेश में सरकारी आंकड़ों के अनुसार गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में 24 एवं 25 जुलाई को जापानी इंसेफेलाइटिस के 23 नये रोगी भर्ती हुए जिसमें 3 मरीजों की मृत्यु हो गई। अभी भी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में 150 मरीजों का इलाज चल रहा है। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में पिछले तीन माह में 598 मरीजों की जापानी इंसेफेलाइटिस एवं एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम से जानें जा चुकी है। भारत सरकार ने उक्त रोग की रोकथाम के लिए 16 लाख टीकें उत्तर प्रदेश को दिए थे लेकिन दुर्भाग्यवश टीकाकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया और वह दवाएं एक्सपायर हो गई। अतः मैं इसे तत्काल लागू करने की मांग करता हूं।